भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

विषय: पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबंधित माह मई, 2024 का मासिक सारांश

1. जल जीवन मिशन (जेजेएम)

10.60 लाख परिवारों को कार्यशील पारिवारिक नल जल कनेक्शन प्रदान किये गये, जिससे कुल संख्या बढ़कर 14.74 करोड़ हो गयी, जो ग्रामीण क्षेत्रों के कुल परिवारों का लगभग 76.5 प्रतिशत है।

2. स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण चरण ॥

मई, 2024 के दौरान 1,58,329 व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) और 1,206 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (सीएससी) का निर्माण किया गया है। इस अवधि के दौरान 12,185 गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है। इस माह में 11,589 गांवों को ठोस कचरा प्रबंधन तथा 4,428 गांवों को तरल कचरा प्रबंधन के अंतर्गत कवर करने की सूचना मिली है। इस माह में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 210.06 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई।

3. अंतर-मंत्रालीय सामंजस्यपरक मुद्दों पर चर्चा करने हेतु संयुक्त बैठकें

वॉश क्षेत्र से संबंधित अंतर मंत्रालीय सामंजस्यपरक मुद्दों पर चर्चा करने हेतु संबंधित मंत्रालयों/विभागों के सचिवों के साथ बैठकें कीं गई। इस माह के दौरान आयोजित संयुक्त बैठकें हैं: ग्रामीण विकास विभाग (डीओआरडी) - 10 मई, 2024; महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) - 16 मई, 2024; स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (डीओएचएफडब्ल्यू) तथा स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) - 22 मई, 2024; और पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) - 24 मई, 2024।

4. सचिव, डीडीडब्ल्यूएस ने एसबीएम(जी) के चरण-॥ की प्रगति की समीक्षा करने हेतु हरियाणा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, पंजाब, पुडुचेरी, सिक्किम, झारखंड, नागालैंड, गुजरात, लद्दाख, केरल, लक्षद्वीप, गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, असम, कर्नाटक, दादरा व नगर हवेली, जम्मू एवं कश्मीर तथा आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित एसीएस/प्रधान सचिव/ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी सचिव तथा मिशन निदेशकों (एसबीएम-जी) के साथ दिनांक 2 मई, 2024 से 21 मई, 2024 तक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठकें कीं। कार्यक्रम के प्रभावी और त्वरित कार्यान्वयन तथा समय

सीमा के अंतर्गत इच्छित परिणाम हासिल करने के लिए आवश्यक सुझाव/सलाह/अभिमत/इनपुट्स को राज्यों के साथ साझा किया गया।

5. एसबीएम-जी के प्रभारी मिशन निदेशक के स्तर पर एसबीएम(जी) के चरण-II की प्रगति की समीक्षा करने हेतु मेघालय, मिजोरम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश के एसीएस/प्रधान सचिव/ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी सचिव तथा मिशन निदेशक (एसबीएम-जी) के साथ दिनांक 13 मई, 2024 तथा 14 मई, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की गई।

6. सचिव, डीडीडब्ल्यूएस ने दिनांक 07.05.2024 को राज्यों के साथ जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और उन्हें हीट वेब के खतरों से बचने के लिए आगाह किया। जल जीवन मिशन के तहत की गई प्रगति की समीक्षा हेतु दिनांक 31 मई, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्यों के साथ अलग से एक बैठक की गई।

*****